प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 31.07.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. केंद्रीय मंत्रिमंडल ने प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय को दी मंजूरी : प्रदेश के किसानों ने जताया प्रधानमंत्री का आभार।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज चित्रकूट में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जयंती समारोह में हुए शामिल : कहा– इस क्षेत्र का विरासत के साथ विकास से जोड़ रही है सरकार।
3. बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने प्राथमिक विद्यालय के विलय को बताया छात्रों के लिये हितकारी : कहा– विलय होने वाले किसी भी प्राथमिक विद्यालय की दूरी नहीं होगी एक किलोमीटर से अधिक। और
4. दो दिवसीय सीएम युवा कॉन्क्लेव आज लखनऊ में सम्पन्न : एमएसएमई मंत्री राकेश सचान ने कहा– युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में अहम साबित हुआ यह एक्सपो।

————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 15वें वित्त आयोग चक्र के दौरान जारी केंद्र की प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना के लिए एक हजार नौ सौ 20 करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ कुल 6 हजार

पांच सौ 20 करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में संवाददताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसमें बजट घोषणा के अनुरूप घटक योजना– एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना–आईसीसीवीएआई के अंतर्गत 50 बहु–उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयां स्थापित करने के लिए एक हजार करोड़ रुपये शामिल है। बाइट.....

*आज के इस कैबिनेट के फैसले में पीएम कृषि संपदा योजना का आउटले बढ़ा के 65200 करोड़ दिया गया और नये इन रिड्यूशन यूनिअ्स और फूड टेस्टिंग लैब 50 इनडिडिएसन यूनिअ्स एंड 100 फूल टेस्टिंग लैब्स के लिये 1000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।*

मंत्रिमंडल ने वर्ष 2025–26 से 2028–29 तक चार वर्षों की अवधि के लिए 2000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अनुदान सहायता–एनसीडीसी को भी मंजूरी दी है। आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने चार मल्टी ट्रैकिंग परियोजनाओं को मंजूरी दी है। इससे भारतीय रेलवे का मौजूदा नेटवर्क का लगभग 574 किलोमीटर विस्तार हो जाएगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा किए गए फैसलों का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री योगी ने प्रधानमंत्री का आभार जताया।

वाराणसी के बाबतपुर क्षेत्र के रहने वाले किसान गुलाब सिंह ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के फैसलों के लिए केंद्र सरकार का आभार जताया है। बाइट....

*केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने आज कृषि प्रसंस्करण पर जो वजट बढ़ाने का प्रावधान किया है इससे निश्चित रूप से कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, जब कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा, तो यह किसानों के लिये भी काफी फायदेमंद होगा इसके लिये केन्द्र सरकार का आभार व्यक्त करते हैं।*

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज चित्रकूट में महाकवि गोस्वामी तुलसीदास जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण और वृक्षारोपण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में चित्रकूट का विरासत के साथ विकास से जोड़ने का कार्य प्रारंभ हो चुका है। बाइट....

*रामचरित मानस की रचना हुई थी उन सभी रामचरित मानव की उन पंक्तियों का दिव्य विभूति के हाथों से लिखी गई उन पंक्तियों को अपनी आंखों से मैने देखा है। इसी को प्रधानमंत्री जी कहते है विरासत और यही विरासत जब विकास के साथ आगे बढ़ता है तो भावी जीवन को एक नये उत्साह और उमंग के साथ जोड़ने की एक प्रेरणा भी हम सबको प्राप्त होती है।*

———————

उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने आज कानपुर में आयोजित गोस्वामी तुलसी जयंती समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर उन्होंने कानपुर विश्वविद्यालय परिसर में गोस्वामी तुलसीदास की प्रतिमा का अनावरण भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

उन्होंने कहा कि रामचरित मानस को पढ़कर हमें उसे आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए। बाइट....

*बाबा तुलसीदास जी की जयंती के अवसर पर ास्तव में शिक्षा के उच्च केन्द्र के रूप में आपने स्थापित किया है। ऐसे अवसर पर महामहिम राज्यपाल महोदया का अभिनंदन करता है। पूरे प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था को पूरे उन्हें नये कराकर विश्वविद्यालय को व्यवस्थित बना करके उच्च शिक्षा के उत्तर प्रदेश में एक बड़ी छलांग लगाने का कार्य किया है और हम सब तुलसी बाबा के रामचरित को पढ़ करके अगर थोड़ा भी आत्मसात करें तो हम लोगों का जीवन सफल हो जायेगा।*

————————

राजधानी लखनऊ में आज एक प्रेस वार्ता में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने प्रदेश में विद्यालयों की विलय की प्रक्रिया पर कहा कि यह प्रक्रिया छात्रों के हित को ध्यान में रखते हुए शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने बताया कि पेयर होने वाले किसी भी प्राथमिक विद्यालय की दूरी एक किलोमीटर से अधिक नहीं होगी। बाइट....

*सबसे पहले हमारी प्राथमिकता थी कि सबसे कम छात्र वाले जो विद्यालय है और उसके पास में अधिकतम दूरी को तय किया गया है। एक किलोमीटर एक किलोमीटर से अधिक की दूरी का कोई भी विद्यालय आपस में मर्ज नहीं किया जायेगा। इसको निर्णय से ले करके और सभी जनपदों में इसकी जानकारी निर्देशित कर दिया गया है। हम सब लोग लगातार इसको सुनिश्चित कर रहे हैं कि कम छात्रों वाले विद्यालयों को कम संसाधन वाले विद्यालयों को ही मर्ज करके हम उन विद्यालयों में मर्ज करे जहां पर अधिक संसाधन उपलब्ध है।*

बेसिक शिक्षा मंत्री ने कहा कि पेयरिंग का मतलब किसी भी विद्यालय को बंद करना नहीं है। न ही कोई पद कम अथवा समाप्त किया जा रहा है। 50 तक छात्र

नामांकित वाले विद्यालयों में तीन शिक्षकों की तैनाती अनिवार्य होगी। उन्होंने बताया कि बाधित भौगोलिक स्थितियों वाले विद्यालयों को इस प्रक्रिया से अलग रखा गया है।

————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

————————————

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20वीं किश्त शनिवार को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। इस संबंध में कल नई दिल्ली में कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई। श्री चौहान ने समूचे देश के किसानों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया।

*प्रधानमंत्री श्रीमान नरेन्द्र मोदी जी दो अगस्त को ठीक ग्यारह बजे प्रधानमंत्री के साथ सम्मान निधि की राशि आपके खाते में डालने वाले इस*

*अवसर पर वो जुड़कर आपसे बात भी करेंगे। कार्यक्रम आपके गांव में भी होगा। सभी कृषि विज्ञान केन्द्रों पर होगा। आईसीआर के संस्थानों में होगा। एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटीज में होगा। मंडियों में होगा, पैक्स के मुख्यालयों पर होगा और इसलिए ये मेरी आप सबसे प्रार्थना है प्रधानमंत्री जी के किसी न किसी कार्यक्रम से जरूर जुडिये।*

————————

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल आज इटावा के डॉ. भीमराव अंबेडकर कृषि इंजीनियरिंग कॉलेज में आयाजित कार्यशाला में शामिल हुई। यहां उन्होंने इंजीनियरिंग कर रहे छात्र–छात्राओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों को देखा। इसके बाद उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र में पहुंचकर किसानों के उत्पादन में सहयोग करने वाले कृषि उपकरणों को देखा और किसानों के प्रयासों की सराहना की।

————————

मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत दो दिवसीय सीएम युवा कॉन्क्लेव एवं एक्सपो–2025 का आज लखनऊ में समापन हो गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री राकेश सचान ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया और युवाओं से संवाद किया।

इस अवसर पर श्री सचान ने कहा कि यह एक्सपो प्रदेश के युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल सिद्ध हुआ है।

————————

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड ने आज से विभिन्न पुलिस भर्तियों के लिए वन टाइम रजिस्ट्रेशन ओटीआर प्रणाली लागू की है। बोर्ड के परीक्षा नियंत्रक ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह कदम भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, सुगम और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। यदि अभ्यर्थियों को ओटीआर पंजीकरण करनें में किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो अभ्यर्थी हेल्पलाइन नंबर– 1800 9110005 पर प्रातः 10 बजे से सांय 7 बजे के मध्य सम्पर्क कर सकते हैं।

————————

पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री नरेंद्र कश्यप ने लखनऊ में दोनों विभागों की योजनाओं की संयुक्त समीक्षा की। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी।

————————

प्रदेश में रुक रुककर बारिश का सिलसिला जारी है। बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। बलिया में गंगा नदी, औरैया, कालपी और हमीरपुर में यमुना नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं।

(समाप्त)